दिनांक : 10/05/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार:-

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से दो दिन के गुजरात दौरे पर, कल सोमनाथ अमृत महोत्सव में शामिल होंगे ।
2. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज गुना जिले में 1189 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण करेंगे ।
3. सीहोर जिले के भैरूंदा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और पीएम जनमन योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आज होगा शुभारंभ।
4. प्रदेश के अधिकांश जिलों में आज और कल बारिश होने की संभावना।

प्रधानमंत्री सोमनाथ कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से दो दिन के गुजरात दौरे पर रहेंगे। दौरे के दूसरे दिन श्री मोदी सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव में भाग लेंगे। सोमनाथ अमृतपर्व' का आधिकारिक शुभारंभ दो दिन पहले हो गया है। यह मंदिर के पुनर्निर्माण की 75वीं वर्षगांठ का प्रतीक है। पेश है हमारे संवाददाता की रिपोर्ट-

प्रधानमंत्री इस अवसर पर सोमनाथ की समृद्ध विरासत और आध्यात्मिक महत्व पर स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी करेंगे।

प्रधानमंत्री दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कर्नाटक और तेलंगाना के दौरे पर होंगे। वे लगभग दिन के 11 बजे बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की 45वीं वर्षगांठ समारोह में भाग लेंगे और आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में नव-निर्मित ध्यान मंदिर का उद्‌घाटन करेंगे। इस दौरान वे उपस्थित लोगों को सम्बोधित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री हैदराबाद जाएंगे और विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारम्भ और शिलान्यास करेंगे। ये परियोजनाएं लगभग 9 हजार चार सौ करोड़ रुपये की हैं। श्री मोदी हैदराबाद-पणजी आर्थिक कॉरिडोर में गुडेबेल्लूर से महबूबनगर तक राष्ट्रीय राजमार्ग-167 को चार लेन का बनाये जाने के कार्य का शिलान्यास करेंगे। वे वारंगल में पीएम मित्र पार्क का भी उद्‌घाटन करेंगे। पीएम मित्र योजना के तहत विकसित इस पार्क को काकतिया मेगा टेक्सटाइल पार्क भी कहा जाता है।

मुख्यमंत्री-लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज गुना जिले में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। डॉ. यादव 1059 करोड़ रुपए से स्थापित होने वाली अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री का शिलान्यास करेंगे। साथ ही लगभग 130 करोड़ रुपए की लागत के 144 अलग-अलग विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण करेंगे। इन विकास कार्यों से जिले में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा आमजन को बेहतर सेवाओं का लाभ मिलेगा। इसका उद्देश्य गुना जिले में औद्योगिक विकास, अधोसंरचनात्मक सुदृढ़ीकरण और रोजगार सृजन को नई गति देना है।

मालवा उत्सव - आम उत्पादक प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल 24 आम उत्पादक किसानों को 11-11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है। इंदौर के ग्रामीण हाट बाजार परिसर में मराठी सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित तीन दिवसीय "मैंगो जत्रा" में कल शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन किसानों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री मालवा उत्सव में शामिल हुए।

केंद्र-संविदा कर्मचारी

केंद्र सरकार ने श्रम संहिता के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इससे केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, स्वायत्त निकायों और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत आउटसोर्स और संविदा कर्मचारियों की सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कहा कि इन सुधारों का उद्देश्य समय पर वेतन का भुगतान, अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा अंशदान, ठेकेदारों और प्रमुख नियोक्ताओं की अधिक जवाबदेही तथा श्रम कानूनों के उल्लंघन के खिलाफ मजबूत प्रवर्तन व्यवस्था सुनिश्चित होगी। इन उपायों से संविदा कर्मचारियों के वेतन भुगतान में देरी और वैधानिक देय राशियों के भुगतान में चूक कम हो सकेगी। इसमें समय पर वेतन और सामाजिक सुरक्षा अंशदान का उल्लंघन करने वाली कंपनियों के लिए प्रतिबंध और कड़े दंड का प्रावधान है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

सीहोर जिले के भैरूंदा में आज प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं पीएम जनमन योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चैथे चरण के अंतर्गत प्रदेश में 1,763 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 2,117 किलोमीटर लंबी 963 सड़कों का निर्माण होगा। योजना में सीहोर जिले में 165 करोड़ रुपये की लागत से 209 किलोमीटर लंबी 81 सड़कों का निर्माण होना है। इन सड़कों से जिले की 84 बसाहटें सीधे लाभान्वित होंगे।

स्क्रैमजेट कम्बस्टर परीक्षण

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन -डीआरडीओ ने हैदराबाद में स्क्रैमजेट कम्बस्टर का सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि परीक्षण में एक हजार दो सौ सेकंड से अधिक का रन-टाइम प्राप्त हुआ। यह रन-टाइम इस वर्ष जनवरी में किए गए सात सौ सेकंड के परीक्षण से अधिक है। इस सफल परीक्षण से भारत उन्नत एयरोस्पेस क्षमता और लगातार उभरती युद्ध प्रौद्योगिकियों में अग्रणी स्थान पर आ गया है। इस परीक्षण से भारत के हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल विकास कार्यक्रम को मजबूती मिलेगी।

गेहूं खरीदी

प्रदेश में अब तक 9 लाख 78 हजार किसानों से 60 लाख 70 हजार मीट्रिक टन गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कल बताया कि तौल पर्ची बनाने का समय शाम 6 बजे से बढ़ाकर रात 10 बजे तक तथा देयक जारी करने का समय रात 12 बजे तक कर दिया गया है। किसानों के हित में गेहूँ उपार्जन की अवधि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई कर दी गई है।

मौसम

प्रदेश में सक्रिय चक्रवात के कारण कल राजधानी भोपाल समेत कई जिलों में आंधी और बारिश हुई। इससे तेज गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश जिलों में आज और कल बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल, सीधी और सिंगरौली जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है।

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट में जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में कल खेले गए मैच में गुजरात टाइटन्स ने राजस्थान रॉयल्स को 77 रन से हरा दिया। 230 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स 152 रन पर ही सिमट गई।

आईपीएल क्रिकेट में आज चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में लखनऊ सुपर जांयटस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबला होगा। मैच दोपहर साढे तीन बजे से खेला जाएगा। वहीं दूसरे मैच में रायपुर के शहीद वीर सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना मुंबई इडियंस से शाम साढे सात बजे से होगा।

समाचार संक्षेप में.......

1- भारतीय स्टेट बैंक कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर 25 और 26 मई को दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है।
2- बैतूल कलेक्टर के निर्देशानुसार अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने कल

समीक्षा बैठक की। इसमे "जल संचय जन भागीदारी" और "जल गंगा संवर्धन अभियान" समीक्षा की गई।

3- डिंडोरी जिले में कल पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पोषण ट्रैकर के विभिन्न इंडिकेटर्स की विस्तृत समीक्षा की गई।

4- झाबुआ जिले में बढ़ते तापमान और लू की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी में हीट स्ट्रोक से बचाव की तैयारियों की समीक्षा की।

5- खंडवा जिले के ओंकारेश्वर स्थित नर्मदा घाटों पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने निर्देश जारी किए हैं।